# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद – 1

संख्याः दस–51–2013 दिनांकःजनवरी 12 , 2016

सेवा में,

1. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद उ0प्र0।
2. समस्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद उ0प्र0।

विषय : आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2013 के चयन परिणाम में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती हेतु चयनित अभ्यर्थियों का जे.टी.सी. प्रशिक्षण कराये जाने के सम्बन्ध में।

——

आप अवगत है कि आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2013 के चयन परिणाम में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती हेतु चयनित 33495 अभ्यर्थियों में से श्रेष्ठताक्रम में 16748 अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन की कार्यवाही सभी जनपदों द्वारा की गयी है।

2. इस सम्बन्ध में समसंख्यक परिपत्र दिनांक 08.1.2016 के माध्यम से सभी जनपदों में चरित्र सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण वाले 16748 में से शेष बचे **4279** अभ्यर्थियों में से चरित्र सत्यापन में उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण हेतु दिनांक **15.1.2016** को आवंटित जनपद/प्रशिक्षण संस्थान में आगमन कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

3. सभी जनपदों से अपेक्षित है कि चरित्र सत्यापन पूर्ण हो चुके **4279**अभ्यर्थियों के ओएमआर आवेदन पत्र की प्रतिकृति (प्रिन्टेड प्रतियॉ) शीघ्र प्राप्त कर ली जाय। **इन 4279 अभ्यर्थियों की सूची उत्तर प्रदेश पुलिस की बेवसाइट https://uppolice.gov.in पर Police Head Quarters (PHQ) > PHQ Circulars (Subjects) > Civil Police Establishment फोल्डर में उपलब्ध है।**

4. उपर्युक्त 4279 अभ्यर्थियों की जोन/परिक्षेत्र/जनपदवार संख्या का विवरण संलग्न है। इस सूची के अन्तिम कालम में निर्धारित तिथि का उल्लेख किया गया है। आप अपने जनपद की संख्या के अनुसार **अभ्यर्थियों की सूची के साथ दिनांक 13.01.2016 को एक उत्तरदायी कर्मी को लखनऊ भेजें** जो 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के प्रशिक्षण हाल में श्री अनिल कुमार पुलिस उपाधीक्षक–स्थापना मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ(सीयूजी नं0: 9454458227) तथा उनके स्टाफ से सम्पर्क कर सूची के अनुसार ओएमआर आवेदन पत्रों की प्रतिकृति (प्रिन्टेड प्रतियॉ) प्राप्त कर लेंगे और उन्हें साथ लाकर अपने जनपद के निवासी सम्बन्धित अभ्यर्थीगण की चरित्र सत्यापन पत्रावली के अभिलेखों से मिलान करा लें। मिलान से सही पाये जाने पर ओएमआर आवेदन पत्रों की प्रतिकृति चरित्र सत्यापन पत्रावली में क्रमागत तरीके से रखी जाय। इस प्रकार तैयार पत्रावली अभ्यर्थी के आवंटित जनपद को दिनांक 15.1.2016 तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि उनके स्तर से ऐसे अभ्यर्थियों की जे.टी.सी. हेतु आमद की जा सके। **अभ्यर्थियों को आवंटित जनपद की सूची तथा चरित्र सत्यापन की पत्रावली तैयार करने के निर्देश (पत्रांक दस–51–2013 दिनांक 27.10.2015) भी उत्तर प्रदेश पुलिस की बेवसाइट https://uppolice.gov.in पर Police Head Quarters (PHQ) > PHQ Circulars (Subjects) > Civil Police Establishment फोल्डर में उपलब्ध है।** उक्त पत्र संख्या दस–51–2013 दिनांक 27.10.2015 में निहित निर्देशों के अनुसार चरित्र सत्यापन की पत्रावली में अभिलेख क्रमागत करके दिनांक **15.01.2016** तक आवंटित जनपद को अवश्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

5. कृपया इसे वरीयता प्रदान करें।

संलग्नकःयथोपरि।

12/1/16

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक–स्थापना/
पुलिस महानिरीक्षक,
उ0प्र0।

——

प्रतिलिपि कृपया निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. पुलिस महानिरीक्षक–स्थापना, उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त पुलिस महानिरीक्षक जोन/समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र, उ0प्र0।
3. अपर सचिव भर्ती, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।

प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, उ0प्र0पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, लखनऊ को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि यह पत्र मय संलग्नक उत्तर प्रदेश पुलिस की बेवसाइट https://uppolice.gov.in पर उक्त फोल्डर में अपलोड कराने की कृपा करें।

आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2013 के चयन परिणाम में आरक्षी ना0पु0 के पद पर भर्ती हेतु चयनित में से श्रेष्ठताक्रम में 16748 अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण में से शेष बचे 4279 अभ्यर्थियों की जनपदवार (चरित्र सत्यापन वाले जनपद की) संख्या का विवरण।

| क्र. सं. | जोन | परिक्षेत्र | क्रमांक | जनपद | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | AGA | AGA | 1 | AGRA | 143 |
| | | | 2 | FIROZABAD | 79 |
| | | | 3 | MAINPURI | 56 |
| | | | 4 | MATHURA | 122 |
| | | AIH | 5 | ALIGARH | 143 |
| | | | 6 | ETAH | 52 |
| | | | 7 | HATHRAS | 66 |
| | | | 8 | KASGANJ | 8 |
| 2 | ALD | ALD | 9 | ALLAHABAD | 126 |
| | | | 10 | FATEHPUR | 61 |
| | | | 11 | KAUSHAMBI | 19 |
| | | | 12 | PRATAPGARH | 58 |
| | | CKT | 13 | BANDA | 11 |
| | | | 14 | CHITRAKUT | 7 |
| | | | 15 | HAMIRPUR | 21 |
| | | | 16 | MAHOBA | 13 |
| 3 | BRY | BRY | 17 | BAREILLY | 49 |
| | | | 18 | BUDAUN | 19 |
| | | | 19 | PILIBHIT | 15 |
| | | | 20 | SHAHJAHANPUR | 13 |
| | | MDD | 21 | AMROHA | 71 |
| | | | 22 | BIJNOR | 93 |
| | | | 23 | MORADABAD | 63 |
| | | | 24 | RAMPUR | 19 |
| | | | 25 | SHAMBHAL | 16 |
| 4 | GKR | BSI | 26 | BASTI | 36 |
| | | | 27 | SANT KABIR NAGAR | 29 |
| | | | 28 | SIDHARTH NAGAR | 2 |
| | | DPN | 29 | BAHRAICH | 5 |
| | | | 30 | BALRAMPUR | 3 |
| | | | 31 | GONDA | 18 |
| | | | 32 | SHRAVASTI | 1 |
| | | GKR | 33 | DEORIA | 81 |
| | | | 34 | GORAKHPUR | 105 |
| | | | 35 | KUSHINAGAR | 32 |
| | | | 36 | MAHARAJGANJ | 18 |
| 5 | KNR | JSI | 37 | JALAUN | 49 |
| | | | 38 | JHANSI | 49 |
| | | | 39 | LALITPUR | 9 |
| | | KNR | 40 | ETAWAH | 34 |
| | | | 41 | FATEHGARH | 37 |
| | | | 42 | KANNAUJ | 33 |
| | | | 43 | KANPUR DEHAT | 65 |
| | | | 44 | KANPUR NAGAR | 68 |
| | | | 45 | AURAIYA | 24 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | LKW | FZD | **46** | AMBEDKAR NAGAR | 56 |
| | | | **47** | AMETHI | 14 |
| | | | **48** | BARABANKI | 30 |
| | | | **49** | FAIZABAD | 45 |
| | | | **50** | SULTANPUR | 48 |
| | | LKW | **51** | HARDOI | 28 |
| | | | **52** | LAKHIMPUR KHIRI | 18 |
| | | | **53** | LUCKNOW | 38 |
| | | | **54** | RAIBARELI | 38 |
| | | | **55** | SITAPUR | 17 |
| | | | **56** | UNNAO | 36 |
| 7 | MRT | MRT | **57** | BAGHPAT | 239 |
| | | | **58** | BULAND SHAHAR | 195 |
| | | | **59** | G.B. NAGAR | 55 |
| | | | **60** | GHAZIABAD | 119 |
| | | | **61** | HAPUR | 84 |
| | | | **62** | MEERUT | 177 |
| | | SRR | **63** | MUZAFFAR NAGAR | 183 |
| | | | **64** | SAHARANPUR | 78 |
| | | | **65** | SHAMLI | 118 |
| 8 | VNS | AZH | **66** | AZAMGARH | 93 |
| | | | **67** | BALLIA | 76 |
| | | | **68** | MAU | 42 |
| | | MZR | **69** | MIRZAPUR | 28 |
| | | | **70** | SANT RAVIDAS NAGAR | 17 |
| | | | **71** | SONBHADRA | 5 |
| | | VNS | **72** | CHANDAULI | 35 |
| | | | **73** | GHAZIPUR | 152 |
| | | | **74** | JAUNPUR | 99 |
| | | | **75** | VARANASI | 57 |
| | | **TOTAL NO. OF CANDIDATES** | | | **4261** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों का संख्यात्मक विवरण | हरियाणा | मेरठ | 1 |
| | दिल्ली | मेरठ | 1 |
| | उत्तराखण्ड | मेरठ | 1 |
| | बिहार | वाराणसी | 9 |
| | राजस्थान | आगरा | 6 |
| अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की कुल संख्या | | | **18** |
| अभ्यर्थियों की सम्पूर्ण संख्या | | | **4279** |

नोट : अन्य राज्यों के उपर्युक्त अभ्यर्थियों को उनके राज्य के सम्मुख अंकित जनपद द्वारा बुलावा पत्र निर्गत किया जायेगा। अतः अन्य राज्यों के अभ्यर्थी जानकारी हेतु उपर्युक्त जनपदों के पुलिस कार्यालय से सम्पर्क करेंगे।

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद – 1

संख्याःदस–51–2013 दिनांकःअक्टूबर 27, 2015

सेवा में,

1. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।
2. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद, उ0प्र0।
3. समस्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद, उ0प्र0।

विषय : आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2013 के चयन परिणाम में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती हेतु चयनित अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन कराये जाने के सम्बन्ध में।

---

कृपया आप अवगत हैं कि आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2013 के चयन परिणाम में आरक्षी ना0पु0 के पद पर भर्ती हेतु चयनित **33,495** अभ्यर्थियों में से प्रथम चरण में **श्रेष्ठताकमांक 01 से 16,748 तक** के अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन की कार्यवाही प्रत्येक जनपद स्तर पर प्रचलित है।

2. अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन की कार्यवाही हेतु जनपद स्तर पर एक पुलिस उपाधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त कर उनकी देख–रेख में समय से पूर्ण कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

3. जनपदों में अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात जनपदीय नोडल अधिकारी द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी के चरित्र सत्यापन की पुष्टिकर ली गयी होगी। जनपद स्तर पर चरित्र सत्यापन की चेकिंग की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अब सम्बन्धित परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक एक अनुभवी पुलिस उपाधीक्षक को परिक्षेत्र स्तर का परिक्षेत्रीय नोडल अधिकारी नियुक्त कर उन्हें निर्देशित करने का कष्ट करें कि वह परिक्षेत्र के समस्त जनपदों से पूर्ण हो चुके चरित्र सत्यापन की पत्रावलियॉ परिक्षेत्र स्तर पर मंगाकर नीचे दिये गये चेक लिस्ट के अनुसार परीक्षण कर लें और परीक्षण में यदि कोई कमी पायी जाये तो उसका तत्काल सम्बन्धित जनपद से निराकरण करा लें। प्रत्येक दृष्टि से चेक लिस्ट के अनुसार परीक्षित चरित्र सत्यापन की नामावली (अभ्यर्थियों के नाम व पतों की सूची) के विवरण सहित समस्त परिक्षेत्रीय नोडल अधिकारी दिनांक 03.11.2015 को समय 12.00 बजे पुलिस मुख्यालय स्थित संगोष्ठी सदन में बैठक हेतु उपस्थित हों।

4. परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक कृपया यह भी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें कि उक्त तिथि और समय तक चरित्र सत्यापन की कार्यवाही शत–प्रतिशत पूर्ण हो जाय।

5. चेक लिस्ट का प्रारूप निम्नवत है :–

**सभी अभ्यर्थियों की अलग–2 पत्रावलियॉ होनी चाहिए। <u>पत्रावली के ऊपर निम्नवत शीर्षक लिखे जायें।</u>**

1. भर्ती बोर्ड से प्राप्त होकर पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रेषित सूची का मुख्य कमांक
2. अभ्यर्थी का नाम
3. पिता का नाम
3. अनुकमांक
4. गृह जनपद (ओएमआर/आवेदन पत्र मं भरा गया स्थायी निवास का जनपद)
5. उपयुक्त है अथवा अनुपयुक्त
6. यदि अनुपयुक्त है तो किस स्तर पर और उसका संक्षिप्त विवरण अंकित किया जाय
7. नियक्ति हेतु आवंटित जनपद (मुख्यालय द्वारा जनपद आवंटन के पश्चात अंकित किया जाये)

**<u>पत्रावली के अन्दर निम्नवत कम में अभिलेखों का मूलरूप में रखा जाना अपेक्षित है :–</u>**

1. अभ्यर्थी का ओ.एम.आर. आवेदन–पत्र (पृष्ठों की संख्या...........)
2. अभ्यर्थी का शपथ पत्र (पृष्ठों की संख्या...........)
3. अभ्यर्थी का अन्तिम शिक्षण संस्थान से प्राप्त प्रमाण पत्र (पृष्ठों की संख्या...........)
4. स्थायी पते पर किये गये चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट (पृष्ठों की संख्या...........)
5. अस्थायी पते पर किये गये चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट :– (पृष्ठों की संख्या...........)
   (1) ...................................................................................... (पृष्ठों की संख्या...........)
   (2) ...................................................................................... (पृष्ठों की संख्या...........)
   (3) ...................................................................................... (पृष्ठों की संख्या...........)

नोट : (चरित्र सत्यापन आख्या में थाने की रिपोर्ट पर स्थानीय अभिसूचना इकाई की आख्या तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक की मोहर लगी हो)।

6. अभिसूचना विभाग की चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट (पृष्ठों की संख्या...........)
7. अभ्यर्थी के विरूद्ध मुकदमें होने पर मा0 न्यायालय के निर्णय (दोषमुक्त/सजा होने की दशा में) के आलोक में जिला मजिस्ट्रेट का अभिमत/संस्तुति की आख्या (पृष्ठों की संख्या...........)
8. अभ्यर्थी के नौकरी में होने पर उसके नियुक्ति स्थान से भी चरित्र सत्यापन की जॉच करायी जाये। (पृष्ठों की संख्या...........)

(कुल पृष्ठ ...................)

6. उपर्युक्तानुसार मिलान में इस बात का ध्यान रखा जायेगा और जनपदीय नोडल अधिकारी द्वारा इस आशय का प्रमाण–पत्र दिया जायेगा कि अभ्यर्थी के निवास के पते तथा उसके द्वारा दिये गये अन्य पते के अनुसार जनपदीय तथा अभिसूचना विभाग के स्तर से प्राप्त चरित्र सत्यापन की आख्या का भली–भाँति परीक्षण कर लिया गया है जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं पायी गयी है। चरित्र सत्यापन की आख्या के अभिलेखों को पत्रावली के अन्दर सही क्रम में रखा गया है।

7. अभ्यर्थी के निवास के पते तथा उसके द्वारा दिये गये अन्य पते के अनुसार जनपदीय तथा अभिसूचना विभाग के स्तर से प्राप्त चरित्र सत्यापन की आख्या के परीक्षण से यदि किन्हीं मामलों में त्रुटि पायी जाती है तो उसका त्वरित समाधान प्रत्येक दशा में दो दिवस में कर लिया जायेगा और उनकी सूचना अलग से दी जायेगी।

8. ऐसे अभ्यर्थी जो अन्य प्रान्तों के निवासी हैं, उनका विवरण सम्बन्धित जनपद द्वारा अलग से तैयार किया जायेगा।

27/10

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक–स्थापना,
उ0प्र0।

——

प्रतिलिपि कृपया निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. पुलिस महानिरीक्षक–स्थापना, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि चरित्र सत्यापन की कार्यवाही उपर्युक्तानुसार अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु समस्त जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक उ0प्र0 को अपने स्तर से यथोचित निर्देश जारी करने की कृपा करें।
2. समस्त पुलिस महानिरीक्षक जोन, उ0प्र0।

——